# पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार का आयोजन

# शिक्षा मंत्री महीपाल के जनता दरबार में पहुंचे सैकड़ों फरियादी

- सरकार सीएम सैनी के नेतृत्व में जनसेवा और पारदर्शी प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मंत्री महीपाल ढांडा ।

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार का आयोजन कर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना। जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिक्षा मंत्री ने सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से समाधान के निर्देश दिए। जनता दरबार में मुख्य रूप से बिजली, पीडब्ल्यूडी विभाग, पुलिस, पंचायत व हुड्डा विभाग से जुड़ी समस्याएं लेकर लोग पहुंचे। शिक्षा मंत्री ने प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन करके मौके पर ही समाधान का प्रयत्न किया। कुछ समस्याओं का समाधान वहीं तुरंत किया गया और कुछ मामलों में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तय समय सीमा के भीतर समाधान करके रिपोर्ट दें। जिला उपायुक्त वीरेंद्र दहिया विशेष रूप से मौजूद रहे। उपायुक्त डा.दहिया ने भी मंत्री के साथ बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए। जनता दरबार में पुलिस से जुड़ी कुछ समस्याएं भी सामने आईं। शिक्षा मंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए आमजन की सुरक्षा व सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में जनसेवा और पारदर्शी प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान समय पर हो और जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता दरबार जैसी पहल इसी उद्देश्य से शुरू की है ताकि लोगों को अपने क्षेत्र की समस्याओं के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े और उन्हें एक ही मंच पर समाधान मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को भी स्पष्ट चेतावनी दी कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार में स्थानीय पार्षद, कई गांवों के सरपंच, पंच, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




पानीपत। योग महोत्सव में सीएम नायब सैनी के साथ सम्मानित होने वाली कुसुम धीमान व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### कुसुम धीमान को सीएम ने किया सम्मानित

**पानीपत।** पंचकूला में आयोजित योग महोत्सव के पर आर्ट ऑफ लिविंग की फैकल्टी एवं हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान को जिले में अधिकतम सूर्य नमस्कार कराए जाने के लिए उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में हरियाणा सरकार की आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती राव भी उपस्थित रही।

### आईटीआई में दाखिले 6 से 20 तक : रंजना शर्मा



**पानीपत।** हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न नॉन.इंजिनियरिंग व्यवसायों में कोपा, सिविंग टेक्नोलॉजी, बेसिक कोस्मैटोलोजी 1 वर्षीय और इंजिनियरिंग व्यवसायों में ईलैक्ट्रिशियन, आरएसीए फीटर, मशिनिष्ट इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, 2 वर्षीय तथा वैल्डर एवं मैकेनिक डीजल 1 वर्षीय में दाखिला प्रक्रिया 6 जून से शुरू हो रही है। इस के लिए इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन आनलाइन कर सकता है। आवेदन 20 जून तक स्वीकृत किए जाएंगे।

### हैंडलूम एसोसिएशन के प्रधान बने कवल खुराना

**पानीपत।** दा पानीपत हैंडलूम टेड्रस एसोसिएशन के प्रधान तिलक राज तिलक राज खट्टर पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहें हैं। एसोसिएशन के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। जिसमें सर्वसम्मति प्रधान कवल खुराना , उप प्रधान अरविन्द विरमानी, सचिव मदन लाल आहुजा, सह सचिव ईश गुलाटी, कोषाध्यक्ष सतपाल बतरा, सरपरस्त सावन सिंह दुआ, सरपरस्त मदन लाल बरेजा को बनाया गया है।

## आरटीआई खुलासा : सीएम के ओएसडी गजेंद्र फोगाट बिना सेवा विस्तार सात माह से ड्यूटी पर

- हर महीने एक लाख रुपये वेतन, भत्ते, गाड़ी, कोठी व स्टाफ की सुविधा प्राप्त

**पानीपत।** आरटीआई से खुलासा करते हुए आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी स्पेशल पब्लिसिटी गजेंद्र फोगाट पिछले सात महीने से अवैध रूप से नियुक्त हैं। बिना सेवा विस्तार हर महीने एक लाख रुपये वेतन, भत्ते, कार, कोठी व स्टाफ की सुविधा ले रहे हैं। कपूर ने मुख्यमंत्री से इस ओएसडी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग करते हुए बताया कि सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के उप सचिव एवं राज्य जन सूचना अधिकारी ने उन्हें 8 मई के पत्र द्वारा आरटीआई मे यह सब चौंकाने वाली सूचना दी हैं। नियमों व शर्तों के मुताबिक 4 अक्टूबर 2024 को खत्म हो गया था। जबकि फोगाट का कार्यकाल खत्म होने के बावजूद पिछले सात महीने से वह गैर कानूनी ढंग से सीएम नायब सिंह सैनी के ओएसडी स्पेशल पब्लिसिटी के पद पर नियुक्त हैं।



पानीपत। नमो भारत कॉरिडोर को लेकर डीसी डॉ.वीरेंद्र दहिया बैठक लेते हुए ।

## नमो भारत कॉरिडोर से आम जन को पहुंचेगा लाभ : डीसी

- रेलवे अधिकारियों ने उपायुक्त के साथ की नमो भारत कॉरिडोर को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दिल्ली सराय रोहिला कालेखां से करनाल तक प्रस्तावित (बनने वाले) नमो भारत कॉरिडोर के लिए भूमि उपलब्ध करवाने को लेकर रेलवे के अधिकारियों ने उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया के साथ आज जिला सचिवालय स्थित कार्यालय में बैठक कर कॉरिडोर के संदर्भ में चर्चा की। डीसी ने रेलवे अधिकारियों को आश्वस्त किया की प्रशासन रेलवे की इस कार्य में हर संभव मदद करेगा। रेलवे अधिकारियों ने उपायुक्त को बनने वाले इस आधुनिक कॉरिडोर का संभावित रूप रेखा भी कम्प्टयूर के माध्यम से सांझा की। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि दिल्ली से करनाल नमो भारत कॉरिडोर के बनने पर दिल्ली से करनाल तक का रास्ता सुगम होगा व इसका फायदा निश्चित रूप से आमजन को मिलेगा। इस कॉरिडोर पर चलने वाली ट्रेन से व्यापारियों को व दिल्ली राजधानी में रोजगार करने वालों को भी फायदा मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी इस कार्य में रूचि लेकर जमीन उपलब्ध करवाने के संबंध में अधिकारियों का हर संभव सहयोग करें। इस मौके पर एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह के अलावा रेलवे अधिकरी मौजूद रहे।

एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

## जेजे एक्ट पर एक दिवसीय सेमिनार में पुलिसकर्मियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। सेमिनार में भाग लेते पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण विभाग द्वारा पॉक्सो एक्ट व जुवेनाइल जस्टिस एक्ट पर आज जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन कर अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारियों को पॉक्सो व जेजे एक्ट की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बतौर मुख्य अतिथि व जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिंदर कौर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचकर सेमिनार का शुभारंभ किया। सेमिनार का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को किशोर न्याय अधिनियम एवं बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना था। ताकि पीड़ित बच्चों को संवेदनशीलता एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत सही तरीके से न्याय दिलाया जा सके। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बालकों, किशोरों के हित को ध्यान में रखते हुए न्यायिक प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता द्वारा मिशन वात्सल्य स्कीम से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई। बाल कल्याण समीति की अध्यक्ष पदमा रानी ने बच्चों को समीति से सामने पेश करने की प्रक्रिया व बाल कल्याण समीति की संपूर्ण कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन चंचल, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं संचालक बाल देख रेख केंद्र, जिला बाल संरक्षण यूनिट व विभिन्न थाना, चौकी से आए अनुसंधानकर्ता पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



### शहीद ऋषिपाल त्यागी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया

**बापौली।** सनौली खुर्द गांव में कारगिल शहीद ऋषिपाल त्यागी की पुण्यतिथि को पूर्व सैनिक कल्याण संगठन की और से शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम सेवानिवृत सेनानियों सुबेदार महेन्द्र, सुबेसिंह, नायब सुबेदार जयभगवान, धनश्याम फौजी, कैप्टन जयभगवान, बालेश्वर, महेन्द्र, धीरपाल, जयपाल सहित ग्रामीण सुखबीर, पूर्व कार्यवाहक सरपंच प्रदीप शर्मा, बिजेन्द्र, रामकिशन त्यागी आदि ने शहीद ऋषिपाल त्यागी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं शहीद की पत्नी गीता त्यागी को शॉल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने युवाओं का आवाहन किया कि हमें शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

नवनियुक्त बीईओ सुमन मोर का स्वागत किया

## शिक्षक अपने कर्तव्य को बखूबी निभायंगे : सुरेंद्र राठी



पानीपत। बीईओ सुमन मोर का गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए शिक्षक संघ के सदस्य । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ पानीपत खंड समालखा ने नवनियुक्त बीईओ सुमन मोर का स्वागत किया गया। जिला संघ संस्थापक सुरेंद्र राठी ने कहा कि खंड के सभी शिक्षक अपने कार्य को पहले की तरह बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे घर का चूल्हा भी इन्हीं बच्चों की वजह से ही चलता है। उन्होंने कहा कि जहां हम अपने अधिकारों की बात करते हैं वही दूसरी ओर हम अपने कर्तव्य को भी नहीं भूलते। इसके साथ ही हम सभी मिलकर पूरे जिले में शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर पावटी के मुख्य शिक्षक हरिओम, भापरा के मुख्य शिक्षक सुरेश गौतम, राकसेड़ा के मुख्य शिक्षक राजेश कुमार, पवन कुमार, नरेश कुमार, लख्मीचंद, हरिओम, संघ खंड समालखा प्रधान राकेश कुमार, सतीश कुमार, शमशेर सिंह व रविंद्र कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं बीईओ सुमन मोर ने कहा कि अध्यापकों की हर समस्या का निराकरण करने की कोशिश की जाएगी।

### श्री परशुराम जयंती समारोह विशाल व ऐतिहासिक होगा



पानीपत। भगवान परशुराम जयंती समारोह का न्यौता देते प्रधान प्रीतम रावल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**बापौली।** रोहतक के पहरावर में आगामी 30 मई को मनाए जाने वाले राज्यस्तरीय भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह विशाल व ऐतिहासिक होगा। क्योंकि ये समारोह शहीदों को समर्पित है। समारोह के संयोजक केबिनैट मंत्री डा.अरविन्द शर्मा के बुलावे पर प्रदेश भर से भारी सख्या में 36 बिरादरी के लोग भाग लेगें। उक्त बातें प्रधान प्रीतम रावल व पूर्व सरपंच रत्नसिंह रावल ने ग्रामीणों को समारोह का न्यौता देते हुए बापौली में कही। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि जबकि अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली करेंगे। समारोह में कैबिनेट मंत्री व विधायकों के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह को लेकर समालखा हल्के के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और यह जनता के सहयोग से ही संभव हो पाया है। इस मौके पर उनके साथ शिब्बा, सीता रावल, सत्यवान शर्मा, नरेश शर्मा आदि अनेक मौजूद रहे।

### बाल अपराध के खिलाफ और ज्यादा चौकसी से काम करने की जरूरत



पानीपत। बाल श्रमिकों को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते विभिन्न विभागों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कार्यालय में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव वर्षा शर्मा की अध्यक्षता में बाल श्रम रोकने और बाल श्रमिकों के पुनर्वास के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मीटिंग में बाल कल्याण समिति चेयरपर्सन एडवोकेट पदमा, जिला बाल संरक्षण कार्यालय से लीगल ऑफिसर सुमन, असिस्टेंट लेबर कमिश्नर कर्मवीर, उप जिला शिक्षा अधिकारी मनीष गुप्ता, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललित, एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट से एएसआई सुनील कुमार और गैर सरकारी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार व विक्टिम असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर अजय चौहान शामिल रहे। चेयरपर्सन पदमा ने अब तक मुक्त कराए गए बाल श्रमिकों का ब्यौरा रखा और कहा कि स्टेट क्राइम ब्रांच और एमडीडी ऑफ इंडिया ने मार्च महीने में ही ऑपरेशन मुस्कान के तहत 140 बच्चों को रेस्क्यू किया है। बाल अपराध के खिलाफ और ज्यादा चौकसी से काम करने की जरूरत है।

### नशे के विरुद्ध अभियान में विद्यार्थियों को किया जागरूक



पानीपत। विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाते हुए डा.अशोक वर्मा ।

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह व पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा व पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे को समूल नष्ट करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अपराधियों की नाक में नकेल डालने के साथ साथ विभिन्न प्रकार से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें नून लौटा संकल्प, बकेट चैलेंज स्वीकार करना, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ साइकिल यात्रा निकाल कर एक जनांदोलन खड़ा करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस कड़ी में आज ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा कुरुक्षेत्र से करनाल और पानीपत साइकिल चलाकर पहुंचे। उन्होंने मार्ग में लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर पहुंचे और नशे के विरुद्ध विद्यार्थियों को जागरूक किया। विद्यालय की प्राचार्या रेणुका की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। स्कूल में इस कार्यक्रम के अशोक वर्मा का स्कूल के कला अध्यापक सुरेंद्र राठी ने धन्यवाद किया।

### बीकॉम और बीए इकोनॉमिक्स में खुशी व भाविका ने यूनिवर्सिटी टॉप किया



पानीपत। मेद्यावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए आयोजक ।फोटो : हरिभूमि

- सफल छात्राओं को पाइट कॉलेज में सम्मानित किया गया

**पानीपत।** पाइट एनसीआर कॉलेज की छात्राओं ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में टॉप स्थान हासिल किया है। इकोनॉमिक्स में भाविका गुप्ता और कॉमर्स में खुशी ने टॉप किया। सभी छात्राओं का कॉलेज में स्वागत किया गया। पाइट कॉलेज के वाइस चेयरमैन ने बताया कि यूनिवर्सिटी स्तर पर टॉप करना बड़ी उपलब्धि है। हजारों छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा होती है। सफलता के लिए कभी कोई शार्ट कट नहीं होता। मेहनत से ही लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। प्रिंसिपल डॉ.दीपक राज ने बताया कि बीए इकोनॉमिक्स में भाविका के अलावा ऋतिका शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लिविया कामरा और किरण शर्मा ने संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। बीकॉम में खुशी के अलावा रिया ने नौवां स्थान हासिल किया। रैंक होल्डर्स को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।



पानीपत। शिविर में मरीज की जांच करता स्टॉफ । फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 51 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य व बनाए आयुष्मान कार्ड

**इसराना।** हरियाणा सरकार व सिविल सर्जन के निर्देश पर एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल इसराना के सौजन्य से सामुदायिक केंद्र अहर में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता एनसी मेडिकल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. एनके कालिया ने की व संचालन सीएमओ डा.प्यारेलाल ने किया। शिविर में मेडिसन, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग आदि विशेषज्ञों ने 51 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा व आयुष्मान कार्ड बनाये। डा.एनके कालिया ने कहा सरकार के इस तरह के शिविरों से लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। उन्होंने कालेज अध्यक्ष भूषण गुप्ता, डीवी गुप्ता व विजय गुप्ता का आभार जताया।

**निर्देश** शिवाजी स्टेडियम में 19 जून को मैराथन होगी

## सीएम नायब सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सभी उपायुक्तों से की वीडियो कांफ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। सीएम की वीडियो कांफ्रेंस में भाग लेते डीसी डा.वीरेंद्र दहिया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने को लेकर आज प्रदेश के सभी उपायुक्तों से बात की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस के बाद आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में बैठक भी सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में विभिन्न स्थानों पर योग दिवस को लेकर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई व अधिकारियों की डयूटी लगाई गई। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी, पुलिस कर्मी, पंतजलि संस्थान, खेल विभाग, आंगनवाडी वर्कर शिरकत करेंगे। शिवाजी स्टेडियम में आयोजित किये जा रहे जिला स्तरीय योग कार्यक्रम से पहले 19 जून को मैराथन भी होगी।

एसडीएम मनदीप कुमार को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। बैठक में इसराना के एसडीएम नवदीप नैन, निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, नगराधीश टीनू पोसवाल आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। शिविर में भाग लेते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

### देश को आजादी दिलाने में आर्य समाज का विशेष योगदान : रणदीप आर्य

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में आर्यवीर दल के प्रशिक्षण शिविर का आज पांचवा दिन रहा। विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा की महर्षि दयानंद सरस्वती महाराज वह व्यक्ति थे जिन्होंने देश की आजादी में अपना योगदान दिया। जो बच्चे अपने राष्ट्र की रक्षा करना चाहते हैं उन्हें आर्य समाज के साथ मिलकर के देशभक्ति का कार्य करना चाहिए। आर्य समाज ने एक नहीं अनेकों क्रांतिवीरों को जन्म दिया। उन्होंने कहा महर्षि दयानंद सरस्वती महाराज ने अपने जीवन में अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य, उपाचार्य जगदीश चहल, शिविराध्यक्ष आचार्य राजकुमार शर्मा, अध्यापिका आशा अरोड़ा, शिक्षक प्रवीण आर्य, जयराम आर्य, कर्ण आर्य, दीक्षा आर्या, इशिका आदि मौजूद रहे।

